# नामांकन, समीक्षा और बरखास्तगी के लिए अभिभावक निर्देशिका

जुलाई 2018



THE LEGAL FRAMEWORK
for the Child-Centered Special Education Process

www.esc18.net

TEA
Texas Education Agency

## परिचय

इस मार्गदर्शिका को लीगल फ्रेमवर्क प्रॉजेक्ट टीम के लिए राज्यव्यापी लीडरशिप और टेक्सास एडुकेशन एजेंसी (**TEA**) के द्वारा *टेक्सास एडुकेशन कोड* (**TEC**) § 26.0081 की अपेक्षा को पूरा करने के लिए विकसित किया गया था। यह मार्गदर्शिका आपको एक ऐसे बच्चे जो विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए योग्य है या हो सकता है, के माता-पिता के रूप में विशेष शिक्षा प्रक्रिया और आपके प्रक्रियात्मक अधिकारों तथा जिम्मेदारियों की बेहतर समझ देने के लिए तैयार की गई है ताकि अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया में आप पूरी तरह भागीदारी कर सकें।

दि*इंडिविजुअल्स विद डिसेबिलिटी एडुकेशन एक्ट* 2004 (**IDEA**) फ़ेडरल कानून है जो विशेष शिक्षा प्रक्रिया को संचालित करता है। IDEA के मुख्य उद्देश्यों में से एक यह सुनिश्चित करना है कि विकलांग बच्चों के लिए *मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा*(**FAPE**) उपलब्ध है जो उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं पर बल देता है और उन्हें आगे की शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्र रूप से जीने के लिए तैयार करता है। *विशेष शिक्षा* का आशय विकलांग बच्चे की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने लिए विशेष रूप से तैयार निर्देश से है। *संबंधित सेवाएं* ऐसी विशेष सेवाएं हैं जो छात्र की विशेष शिक्षा सेवाओं का समर्थन करने के लिए जरूरी होती हैं जिससे वे अपने अकादमिक और कार्यात्मक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रगति कर सकें। संबंधित सेवाओं में ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजिकल थेरेपी, भाषण-भाषा थेरेपी, परामर्श सेवाएं, अभिकेंद्रण और गतिशीलता सेवाओं और/या परिवहन सेवाओं जैसी सेवाएं शामिल हो सकती हैं।

IDEA के तहत, माता-पिता को विशेष शिक्षा प्रक्रिया के हर चरण में उच्च स्तर की भागीदारी दी जाती है। यह मार्गदर्शिका ऐसी विभिन्न गतिविधियों का वर्णन करती है जो प्रक्रिया के दौरान हो सकती हैं। IDEA के तहत अपने कानूनी अधिकारों को और अधिक समझने में सहायता के लिए, स्कूल हेतु विशेष शिक्षा प्रक्रिया में कई बार *प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की नोटिस* नामक दस्तावेज की एक प्रति देना अपेक्षित है। यह दस्तावेज आपको वर्ष में कम-से-कम एक बार और उस वक्त प्रदान करना जरूरी है जब निम्नलिखित में से कोई परिस्थिति उत्पन्न हो:

- आपके बच्चे के आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफरल या आपका अनुरोध प्राप्त होने पर;
- स्कूली वर्ष में पहली राज्य शिकायत प्राप्त होने पर;
- स्कूली वर्ष में नियत प्रक्रिया सुनवाई के लिए पहला अनुरोध प्राप्त होने पर;
- उस दिन जब प्लेसमेंट के अनुशासनिक बदलाव का निर्णय लिया जाता है; और
- आपके अनुरोध पर।

टेक्सास में, विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए बच्चे की पात्रता और बच्चे की विशेष शिक्षा कार्यक्रम के बारे में ज्यादातर फैसले *नामांकन, समीक्षा और निष्कासन* (**ARD**) समिति के द्वारा लिए जाते हैं। आप इस समूह को *निजीकृत शिक्षा कार्यक्रम*(**IEP**) टीम के रूप में संदर्भित करते हुए भी सुनेंगे, यह शब्दावली फेडरल कानून में इस्तेमाल की जाती है। यदि आपके बच्चे के लिए ARD समिति का गठन किया जाता है तो आप उस समिति के एक सदस्य रहेंगे।

इस मार्गदर्शिका को फेडरल या राज्य विशेष शिक्षा आवश्यकताओं में कोई बदलाव होने पर आवधिक रूप से अद्यतन किया जाएगा। प्रिंट किए जाने योग्य इलेक्ट्रॉनिक वर्जन रीजन 18 एडुकेशन सर्विस सेंटर के वेबपेज पर http://framework.esc18.net/ में शिशु-केंद्रित विशेष शिक्षा प्रक्रिया के लिए कानूनी फ्रेमवर्क पर पाया जा सकता है।

विशेष शिक्षा प्रक्रिया में अनेक तिथियां और समयमसीमाएं होती हैं। इस पब्लिकेशन में, उन महत्वपूर्ण तिथियों और समयसीमाओं का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, एक ऑन-लाइन कम्पेनियन डॉक्युमेंट उपलब्ध है जिससे आपको मूल्यांकन, पूर्व लिखित नोटिस, ट्रांजिशन और IEP समीक्षा और अन्य अहम अवधारणाओं से संबंधित प्रश्नों का उत्तर पाने में मदद मिलती है। टाइमलाइन डिसीजन ट्री

https://framework.esc18.net/display/Webforms/ESC18-FW-Documents.aspx?DT=G&LID=en पर उपलब्ध है।

**विषय तालिका**


परिचय ..... 3
आरंभिक बालपन हस्तक्षेप ..... 1
स्कूली उम्र के बच्चे के लिए सहायता ..... 1
हस्तक्षेप पर प्रतिक्रिया ..... 1
आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफरल ..... 3
पूर्व लिखित नोटिस ..... 3
माता-पिता की सहमति ..... 3
आरंभिक मूल्यांकन ..... 5
नामांकन, समीक्षा और निष्कासन समिति की बैठकें ..... 6
पात्रता ..... 7
निजीकृत शिक्षा कार्यक्रम ..... 8
अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर ..... 9
वार्षिक लक्ष्य ..... 9
विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाएं, और अनुपूरक साधन एवं सेवाएं ..... 9
राज्य मूल्यांकन ..... 9
रूपांतरण ..... 10
वयस्क छात्र ..... 11
ऑटिज्म वाले बच्चे ..... 12
ऐसे बच्चे जो बधिर हों या सुनने में जिन्हें कठिनाई हो ..... 12
ऐसे बच्चे जो अंधे या दृष्टि बाधित हों ..... 12
व्यवहारगत हस्तपेक्ष योजनाएं ..... 12
विस्तारित स्कूली वर्ष सेवाएं ..... 13
प्लेसमेंट ..... 13
ARD समिति के निर्णय ..... 13
IEP की प्रतिलिपि ..... 14
निजीकृत शिक्षा कार्यक्रम की समीक्षा ..... 14
पुनर्मूल्यांकन ..... 15
स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन ..... 15
सेवाओं के लिए सहमति का निरसन ..... 16
स्नातक ..... 16
अनुशासन ..... 17
त्वरित उचित प्रक्रिया सुनवाई ..... 19

विवाद का निपटारा ........................................................................................................................ 20
अतिरिक्त सहायता ........................................................................................................................ 20

# नामांकन, समीक्षा और निष्कासन प्रक्रिया के लिए
# माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका

### आरंभिक बालपन हस्तक्षेप

ऐसे नवजातों और बच्चों के परिवारों के लिए सहायता उपलब्ध है जिनका विकास विलंबित है। टेक्सास में ये शुरुआती हस्तक्षे सेवाएं प्रदान करने वाली एजेंसी है हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विस कमीशन (**HHSC**)। प्रत्येक शिशु के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रम को प्रारंभिक बालपन हस्तक्षे (**ECI**) का नाम दिया गया है। ये सेवा तीन साल से कम आयु के बच्चों के लिए है।

तीन साल की आयु में, विकलांग बच्चे पब्लिक स्कूल से मिलने वाली सेवाओं के लिए योग्य हो जाते हैं। ECI सेवाएं प्राप्त करने वाले सभी बच्चे पब्लिक स्कूल की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए योग्य नहीं होते। इसलिए, ECI सेवाएं प्राप्त करने वाले शिशु की उम्र तीन साल होने से कम से कम 90 कैलेण्डर दिनों पहले, एक बैठक आयोजित की जाएगी ताकि यदि उपयुक्त हो तो ECI सेवाओं से विशेष शिक्षा सेवाओं में परिवर्तित होने वाले परिवार की सहायता की जा सके। यदि बच्चा योग्य पाया जाता है तो विशेष शिक्षा सेवाएं उस बच्चे के तीसरे जन्मदिन से उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। *Beyond ECI* एक प्रकाशन है जिसमें शुरुआती बालपन कार्यक्रम से विशेष शिक्षा में परिवर्तन के बारे में जानकारी होती है। यह प्रकाशन https://www.navigatelifete xas.org/uploads/files/general-files/Beyond-ECI-ECI-17 1117.pdf पर पाया जा सकता है।

### स्कूली उम्र के बच्चे के लिए सहायता

यदि आप अपने स्कूल-आयु वाले बच्चे की शिक्षा या व्यवहार के बारे में चिंतित हैं, तो पहला कदम है कि आप अपने बच्चे के शिक्षक या स्कूल प्रिंसिपल से अपनी चिंताओं के बारे में बात करें। यदि यह कदम असफल होता है, तो आपको स्कूल के स्टाफ से कैम्पस-आधारित छात्र सहायता टीम के लिए रेफर के बारे में पूछना चाहिए, जो शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की एक टीम है जो कि बच्चों को सीखने या व्यवहार संबंधी किसी भी समस्या को दूर करने के लिए नियमित रूप से मिलते हैं।

सामान्य शिक्षा कक्षा में कठिनाई का सामना कर रहे बच्चे को विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए भेजे जाने से पहले, बच्चे के लिए सभी बच्चों हेतु उपलब्ध सभी सहायता सेवाओं पर विचार किया जाना चाहिए। इन सेवाओं में शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं हैं: ट्यूशन; उपचारात्मक सेवाएं; प्रतिपूर्ति सेवाएं; वैज्ञानिक, अनुसंधान-आधारित हस्तक्षेप पर प्रतिक्रिया; और अन्य अकादमिक या व्यवहार सहायता सेवाएं।

### हस्तक्षेप पर प्रतिक्रिया

फेडरल कानून स्कूलों को तुरंत समस्याओं को दूर करके सभी बच्चों की सहायता करने पर फोकस करने के लिए निर्देशित करता है। हस्तक्षेप पर प्रतिक्रिया (**RtI**) एक दृष्टिकोण है जिसका उपयोग कई स्कूल ग्रेड-स्तरीय मानकों को पूरा नहीं कर पाने के खतरे वाले बच्चों की पहचान करने और उनकी सहायता करने के लिए करते हैं। RtI दृष्टिकोण के बुनियादी तत्व हैं: सामान्य कक्षा शिक्षा क्लासरूम में वैज्ञानिक, अनुसंधान-आधारित निर्देश एवं हस्तक्षेप का प्रावधान; हस्तक्षेपों के प्रति प्रतिक्रिया में बच्चे की प्रगति की निगरानी और मापन; और शैक्षिक निर्णयों के लिए इन मापनों का उपयोग करना।

RtI दृष्टिकोण में हस्तक्षेप की बहु-स्तरीय प्रणाली शामिल है जिसमें प्रत्येक स्तर सेवाओं के गहन स्तर में वृद्धि को दर्शाता है। बच्चे को प्रदान किए गए हस्तक्षेप को निगरानी की जा रही निरंतर प्रगति निगरानी के आधार पर कम या अधिक किया जाएगा जब तक कि बच्चा पर्याप्त रूप से प्रगति नहीं कर ले। ऐसे बच्चे जो अनुसंधान द्वारा बताए गए उचित समय

अवधि के भीतर आरंभिक हस्तक्षेप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, उन्हें अधिक गहन हस्तक्षेप के लिए भेजा जाता है।

किसी बच्चे के लिए विशेष शिक्षा के लिए भेजे जाने से पहले RtI प्रणाली के प्रत्येक स्तर को पूरा करने की जरूरत नहीं होती है। जब यह स्पष्ट हो जाता है कि सामान्य शिक्षा हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं है तब स्कूल के स्टाफ को संदेह करना चाहिए कि बच्चा विकलांग है और रेफरल की पहल करनी चाहिए। माता-पिता किसी भी समय रेफरल का अनुरोध कर सकते हैं, भले ही बच्चा RtI प्रणाली के तहत हस्तक्षेप प्राप्त कर रहा हो।

RtI प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी http://tea.texas.gov/index2.aspx?id=2147500224 पर प्राप्त की जा सकती है।

**आरंभिक मूल्यांकन के लिए रेफरल**

स्कूल का कर्तव्य है कि विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए आरंभिक मूल्यांकन के लिए उसी समय रेफर करे जब उसे यह संदेह हो कि बच्चा विकलांग है और IDEA के अंतर्गत विशेष शिक्षा सेवाओं की आवश्यकता है। आप किसी भी समय आपके बच्चे के शुरूआती मूल्यांकन के लिए रेफरल की पहल भी कर सकते हैं।

यदि आप विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए आरंभिक मूल्यांकन के लिए स्थानीय शैक्षिक एजेंसी के निदेशक, विशेष शिक्षा सेवाएं या जिला प्रशासन कर्मचारी को लिखित अनुरोध करते हैं तो स्कूल के द्वारा आपका अनुरोध प्राप्त होने के 15वें स्कूली दिन के भीतर आपको इनमें से कोई देना जरूरी है: 1) मूल्यांकन करने के अपने प्रस्ताव की पूर्व लिखित सूचना, *प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के नोटिस* की एक प्रति, और मूल्यांकन के लिए लिखित सहमति देने का मौका; या 2) आपके बच्चे का मूल्यांकन करने से अपने इनकार की पूर्व लिखित सूचना और *प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के नोटिस* की एक प्रति।

**कृपया ध्यान दें कि विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए अनुरोध मौखिक रूप से किया जा सकता है और इसके लिए लिखित में देने की जरूरत नहीं है। डिस्ट्रिक्ट और चार्टर स्कूलों को सभी फेडरल नोटिस अपेक्षाओं और ऐसे बच्चों की पहचान करने, लोकेट करने मूल्यांकन करने की अपेक्षाओं का अनुपालन करना चाहिए जो विकलांग हो सकते हैं और उन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है। हालांकि, मौखिक अनुरोध पर यह आवश्यक नहीं कि डिस्ट्रिक्ट स्कूल या चार्टर स्कूल 15-स्कूल-दिवस समय सीमा के अंदर उत्तर दे।**

**पूर्व लिखित नोटिस**

IDEA के तहत आपके अधिकारों में से एक है स्कूल द्वारा वास्तव में कोई कार्रवाई किए जाने से पहले आपके बच्चे से संबंधित कुछ कार्रवाईयों के बारे में *पूर्व लिखित नोटिस* प्राप्त करना। विशेष रूप से, आपको स्कूल के द्वारा आपकी मूल भाषा या संचार के अन्य माध्यमों से पूर्व लिखित सूचना दी जानी चाहिए, जब वह:

- आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, शैक्षिक कार्यक्रम या शैक्षिक प्लेसमेंट या आपके बच्चे के लिए FAPE के प्रावधान (विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के निरंतर प्रावधान के लिए सहमति को आपके द्वारा वापस लेने से प्रेरित परिवर्तन सहित) को शुरू करने या बदलने का प्रस्ताव करता है; या
- आपके बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, शैक्षिक कार्यक्रम या शैक्षिक प्लेसमेंट या आपके बच्चे के लिए FAPE के प्रावधान को शुरू करने या बदलने से इनकार करता है।

स्कूल के द्वारा कोई कार्रवाई प्रस्तावित या इनकार करने के कम से कम पांच स्कूली दिन पहले पूर्व लिखित नोटिस देना जरूरी है, जब तक कि आप किसी छोटी अवधि के लिए सहमत न हों। स्कूल के द्वारा पूर्व लिखित नोटिस देना जरूरी है चाहे आप परिवर्तन के लिए अनुरोध किए हों या सहमत हों या नहीं हो।

**माता-पिता की सहमति**

विशेष शिक्षा प्रक्रिया में कुछ ऐसी गतिविधियां हैं, जो तब तक नहीं हो सकती हैं जब तक कि स्कूल आपकी सहमति नहीं लेता।

स्कूल के द्वारा आपको प्रस्तावित गतिविधि का वर्णन सहित, सभी जानकारी देना जरूरी है जो एक अच्छा निर्णय लेने में सक्षम होने के लिए आवश्यक है।

यह जानकारी आपकी मूल भाषा में या संवाद के अन्य माध्यम में होना आवश्यक है। यदि ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें जारी किया जाना है तो स्कूल रिकॉर्ड्स की सूची बनाएगा और बताएगा कि उन्हें किसे जारी किया जाएगा।

जब आप सहमति देते हैं, तो इसका मतलब है कि आप उस गतिविधि को समझते हैं तथा उसके लिए स्कूल को लिखित सहमति दे रहे हैं जिसके लिए सहमति मांगी गई है। यह महत्वपूर्ण है कि आप समझते हैं कि सहमति स्वैच्छिक है और गतिविधि होने से पहले किसी भी समय इसे वापस लिया जा सकता है। हालांकि, यदि आप किसी गतिविधि के लिए सहमति वापस लेते हैं, तो यह पूर्वव्यापी नहीं होती है।

उन गतिविधियों के उदाहरण निम्नलिखित हैं जिनके लिए आपकी सहमति आवश्यक है:

- पहली बार आपके बच्चे का मूल्यांकन करना;
- यदि और अधिक जानकारी अपेक्षित हो तो आपके बच्चे का पुनर्मूल्यांकन;
- पहली बार विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करना;
- ARD समिति की बैठक में ARD समिति के किसी सदस्य को भाग लेने के लिए अनुमति; और
- भागीदारी करने वाली किसी एजेंसी के प्रतिनिधि को आमंत्रित करना जिसके माध्यमिक रूपांतरण सेवाओं के लिए भुगतान करने या उन्हें प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होने की संभावना है।

## आरंभिक मूल्यांकन

यदि आप आरंभिक मूल्यांकन के लिए अपनी सहमति देते हैं, तो स्कूल यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आपके बच्चे में विकलांगता है और उसकी शैक्षिक जरूरतों को निर्धारित करने के लिए सभी क्षेत्रों में आपके बच्चे की संभावित विकलांगता का मूल्यांकन करेगा। आपके बच्चे की मूल्यांकन प्रक्रिया में निम्नलिखित होना जरूरी है:

- आपके बच्चे के अकादमिक, विकासात्मक और कार्यात्मक  प्रदर्शन के बारे में जानकारी;
- प्रशिक्षित और जानकार स्टाफ के द्वारा संचालित की जाए;
- आपके बच्चे की मूल भाषा या संचार के अन्य माध्यम में संचालित की जाए; और
- निष्पक्ष हो या इस तरह से दी जाए जिससे आपके बच्चे के साथ कोई भेदभाव नहीं हो, चाहे उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, नस्ल या विकलांगता किसी भी प्रकार की क्यों न हो।

आरंभिक मूल्यांकन और उसके फलस्वरूप प्राप्त रिपोर्ट स्कूल को आपकी लिखित सहमति प्राप्त होने के दिन से 45 स्कूल दिवसों के भीतर पूरा करना अनिवार्य है, सिवाय इसके कि मूल्यांकन अवधि के दौरान आपका बच्चा तीन या अधिक स्कूली दिनों तक स्कूल में अनुपस्थित रहा हो, मूल्यांकन अवधि को उतने स्कूली दिनों के लिए विस्तारित करना जरूरी है जितने दिन आपका बच्चा अनुपस्थित रहा है। स्कूल के लिए बिना कोई शुल्क लिए मूल्यांकन रिपोर्ट की एक प्रति आपको देना जरूरी है।

अगर आपका बच्चा स्कूली वर्ष के 1 सितंबर तक पांच साल से कम है और सार्वजनिक स्कूल या किसी निजी या होम स्कूल सिटिंग में नामांकन नहीं हुआ है, चाहे उसकी उम्र कितनी भी क्यों न हो, तो आपकी लिखित सहमति प्राप्त होने से 45 स्कूली दिनों के भीतर आरंभिक मूल्यांकन और इसके फलस्वरूप रिपोर्ट पूरा करना स्कूल के लिए जरूरी है।

45 स्कूली दिनों की समय-सीमा में एक अपवाद है कि यदि आरंभिक मूल्यांकन के लिए स्कूल को आपका अनुरोध स्कूली वर्ष के निर्देश के अंतिम दिन से कम-से-कम 35 दिनों पहले लेकिन 45 दिनों से कम दिन पहले प्राप्त होता है। इस मामले में, उस वर्ष की 30 जून तक लिखित रिपोर्ट का पूरा करना और आपको दिया जाना जरूरी है। हालांकि, यदि आपका बच्चा मूल्यांकन अवधि के दौरान तीन या अधिक दिनों तक स्कूल से अनुपस्थित रहता है तो 30 जून की नियत तारीख लागू नहीं होती है। इसके बदले, 45 स्कूली दिनों की सामान्य समय-सीमा और तीन या अधिक दिनों की अनुपस्थिति के लिए उतने दिनों का विस्तार दिया जाएगा।

यदि आप आरंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति नहीं देते हैं तो स्कूल मध्यस्थता या उचित प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध करके मूल्यांकन करा सकता है लेकिन ऐसा करना जरूरी नहीं है। यदि स्कूल

मूल्यांकन नहीं करने का निर्णय लेता है तो स्कूल IDEA के तहत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की जरूरत वाले विकलांग बच्चों की पहचान करने, स्थान निर्धारण करने और उनका मूल्यांकन करने की आवश्यकता का उल्लंघन नहीं करता है। इस अपेक्षा को *चाइल्ड फाइंड ड्यूटी कहा जाता है।*

**नामांकन, समीक्षा और निष्कासन समिति की बैठकें**

आरंभिक मूल्यांकन पूरा होने के बाद, ARD समिति का गठन करना जरूरी है जो रिपोर्ट की समीक्षा करेगी और यह निर्धारित करेगी कि क्या बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र है। ARD समिति के सदस्यों में निम्नलिखित शामिल होते हैं:

- माता-पिता, यानी आप;
- बच्चे का कम-से-कम एक नियमित शिक्षण अध्यापक, जिसे यथासंभव ऐसा शिक्षक होना चाहिए जो बच्चे के IEP के पोर्शन के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार हों;
- बच्चे का कम-से-कम एक विशेष शिक्षा अध्यापक या प्रदाता;
- स्कूल का एक प्रतिनिधि;
- ऐसा व्यक्ति जो मूल्यांकन के परिणामों के निर्देशात्मक प्रभावों की व्याख्या कर सके;
- अन्य व्यक्ति जिन्हें बच्चे के बारे में जानकारी हो या विशेष अनुभव हो और उन्हें आपके द्वारा या स्कूल के द्वारा आमंत्रित किया जाए;
- जब कभी आवश्यक हो, बच्चा;
- जहाँ तक उपयुक्त हो, आपके अथवा आपके बच्चे के 18 वर्ष की आयु तक पहुंच जाने पर, आपके वयस्क बच्चे की की लिखित सहमति से, भागीदारी करने वाली किसी एजेंसी का प्रतिनिधि जो रूपांतरण सेवाएं प्रदान करने के लिए भुगतान करने या प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होने की संभावना हो;
- यदि करिअर या तकनीकी शिक्षा में आरंभिक या निरंतर प्लेसमेंट के लिए बच्चे पर विचार किया जा रहा है तो करिअर या तकनीकी शिक्षा से एक प्रतिनिधि जिसके लिए अध्यापक को प्राथमिकता दी जाए; और
- यदि बच्चे की पहचान अंग्रेजी भाषा सीखने वाले के रूप में हो तो पेशेवर स्टाफ सदस्य जो भाषा प्रवीणता मूल्यांकन समिति से हो।

ARD समिति में, यदि लागू हो तो इन्हें भी शामिल किया जाए:

- यदि बच्चा श्रवण समस्या से ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो श्रवण समस्या से ग्रस्त बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो;
- यदि बच्चा दृष्टि संबंधी समस्या से ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो; या
- यदि बच्चा श्रवण- दृष्टि संबंधी समस्या से ग्रसित या संभावित है तो एक ऐसा अध्यापक जो श्रवण समस्या से ग्रस्त बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो और एक ऐसा अध्यापक जो दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा में प्रमाणित हो।

आपके बच्चे के लिए ARD समिति की प्रत्येक बैठक में आपको आमंत्रित करना और माता-पिता दोनों या किसी एक की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश करना स्कूल के लिए जरूरी है। बैठक होने से कम-से-कम पांच स्कूली दिनों पहले स्कूल के द्वारा आपको बैठक की लिखित सूचना देना जरूरी है यदि इससे कम समय-सीमा के लिए आप सहमत नहीं हों। लिखित सूचना में बैठक का उद्देश्य, समय, स्थान बताना और बैठक में भाग लेने वालों की सूची देना जरूरी है। यदि आप अंग्रेजी बोलने में सक्षम नहीं हैं, तो स्कूल द्वारा तब तक आपकी मूल भाषा में नोटिस देना जरूरी है जब तक कि ऐसा करना स्पष्ट रूप से संभव नहीं हो। यदि आपकी मूल भाषा एक लिखित भाषा नहीं है तो स्कूल के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना जरूरी है कि नोटिस मौखिक रूप से या किसी अन्य माध्यम में अनूदित किया गया है जिसे आप समझते हैं।

ARD समिति की बैठक ऐसे समय और स्थान पर होनी चाहिए जिसके लिए आप और स्कूल सहमत हों। यदि स्कूल द्वारा प्रस्तावित समय या तारीख आपके लिए सुविधाजनक नहीं है, तो स्कूल को ऐसा समय तय करने के लिए उचित कोशिश

करनी चाहिए जब आप उपलब्ध हो सकें। यदि माता-पिता में कोई भी बैठक में भाग नहीं ले सकता है तो आप वैकल्पिक माध्यमों जैसे टेलिफोन या वीडियोकांफ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। यदि स्कूल आपको उपस्थित होने के लिए समझाने में असमर्थ होता है, तो स्कूल आपके बिना बैठक आयोजित कर सकता है।

ARD समिति के किसी सदस्य को ARD समिति की बैठक के किसी भाग में या सभी बैठकों में शामिल होने से छूट दी जा सकती है, जब व्यक्ति की उपस्थिति आवश्यक नहीं होती है क्योंकि उस व्यक्ति के पाठ्यक्रम या संबंधित सेवा के क्षेत्र को बैठक में संशोधित या उस पर चर्चा नहीं की जा रही है। ऐसी छूट के लिए आपको लिखित रूप में सहमति देना जरूरी है।

ARD समिति के एक सदस्य को ARD समिति की बैठक में भाग लेने से भी छूट दी जा सकती है जब बैठक में सदस्य के पाठ्यक्रम या संबंधित सेवा के क्षेत्र में संशोधन, या चर्चा शामिल हो, यदि आप और स्कूल उस व्यक्ति को छूट देने के लिए लिखित सहमति देते हैं और छूट पाने वाला व्यक्ति बैठक से पहले IEP विकसित करने के लिए लिखित इनपुट देता है।

**पात्रता**

आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र है अथवा नहीं, इसका निर्धारण करने के लिए दो-भाग वाली जांच होती है: (1) आपके बच्चे में विकलांगता होनी चाहिए; और (2) विकलांगता के फलस्वरूप आपके बच्चे को शिक्षा का लाभ पाने के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं मिलना जरूरी हो। पात्रता के लिए दो-भाग वाली जांच का पहला भाग पूरा करने के लिए बच्चे की उम्र 3 से 21 साल के बीच होनी चाहिए, अन्यथा उल्लिखित होने के अलावा, और नीचे सूचीबद्ध विकलांगता की श्रेणियों में एक या अधिक प्रकार की विकलांगता के लिए पात्रता रखता हो:

- श्रवण समस्या (जन्म से);
- ऑटिज्म;
- बधिर-दृष्टिबाधित (जन्म से);
- भावनात्मक बाधा;
- बौद्धिक विकलांगता;
- एकाधिक विकलांगता;
- ग़ैर-श्रेणीकृत आरंभिक बालपन (तीन से पांच साल की उम्र);
- ऑर्थोपेडिक समस्या;
- स्वास्थ्य की अन्य समस्याएं;
- विशिष्ट अध्ययन विकलांगता;
- भाषण या भाषा की समस्या;
- मस्तिष्क की चोट; या
- दृष्टि संबंधी समस्या (जन्मांधता सहित)।

ARD समिति के द्वारा आरंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट पूरा होने की तारीख से 30 कैलेण्डर दिनों के भीतर पात्रता निर्धारित करने का फैसला लेना जरूरी है। यदि 30वां दिन गर्मियों के दौरान आता है जब स्कूल बंद हो तो ARD समिति के पास आरंभिक पात्रता निर्धारण, IEP, और प्लेसमेंट के निर्णय को अंतिम रूप देने के लिए फॉल सत्र के पहले दिन तक का समय होता है; जब तक कि आरंभिक मूल्यांकन से यह नहीं पता चलता हो कि बच्चे को गर्मियों के दौरान *विस्तारित स्कूली वर्ष* (**ESY**) सेवाओं की जरूरत है।

हालांकि, यदि, स्कूल को आरंभिक मूल्यांकन के लिए आपकी सहमति स्कूली वर्ष के अंतिम अनुदेशात्मक दिन से कम से कम 35 स्कूली दिन पहले लेकिन 45 स्कूली दिनों से पहले प्राप्त होती है और आपका बच्चा लिखित सहमति देने तथा अंतिम अनुदेशात्मक दिन के बीच तीन या अधिक दिनों तक अनुपस्थित नहीं था (यानी, 30वें) जून तक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए शर्तों को पूरा किया जाता है, मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार करने के लिए ARD समिति को अगले स्कूली वर्ष के 15वें दिन तक मिलना आवश्यक है, जब तक कि मूल्यांकन यह न दर्शाता हो कि आपके बच्चे को गर्मियों के दौरान ESY सेवाओं की जरूरत है। यदि मूल्यांकन दर्शाता है कि आपके बच्चे को ग्रीष्मकालीन ESY सेवाओं की जरूरत है, तो बच्चे के मूल्यांकन पर विचार करने के लिए ARD समिति को जितनी जल्दी हो सके, मिलना चाहिए।

अध्ययन में संघर्ष करने वाला हर बच्चा विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए पात्र नहीं होता है। यदि आपका बच्चे की समस्याएं

मुख्यत: पढ़ने में उपयोक्त निर्देश में कमी या गणित या इस तथ्य के कारण कि अंग्रेजी में आपके बच्चे की प्रवीणता सीमित है तो आपका बच्चा विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए पात्र नहीं होता है। यदि मूल्यांकन से पता चलता है कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रस्त नहीं है, तो कैम्पस-आधारित सहायता टीम मिल सकती है और आपके बच्चे की सहायता के लिए सामान्य शिक्षा के अन्य सेवाओं या कार्यक्रमों की सिफारिश कर सकती है।

यदि मूल्यांकन से पता चलता है कि आपका बच्चा विकलांगता से ग्रस्त है, तो ARD समिति यह निर्धारित करके दो-भाग वाली पात्रता जांच के दूसरे भाग का समाधान करेगी कि क्या आपके बच्चे को शिक्षा का लाभ लेने के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की जरूरत है। यदि आपके बच्चे को विशेष शिक्षा सेवाओं की जरूरत नहीं है तो वह ऐसी किसी सेवाओं के लिए पात्र नहीं होता है।

## निजीकृत शिक्षा कार्यक्रम

यदि आपका बच्चा विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए योग्यता रखता है, तो स्कूल को कम प्रतिबंधात्मक वातावरण में FAPE प्रदान करना आवश्यक है। यह ARD समिति द्वारा IEP विकसित करने और IEP को स्कूल के द्वारा लागू करने के माध्यम से पूरा किया जाता है। इससे पहले कि स्कूल आरंभिक विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान कर सके; हालांकि, सेवाओं के लिए आपकी सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। सेवाओं के आरंभिक प्रावधान के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए स्कूल को उचित प्रयास करना चाहिए। यदि आप सेवाओं के शुरुआती प्रावधान के लिए सहमति नहीं देते हैं, तो स्कूल मध्यस्थता के लिए नहीं कह सकता है या सेवाओं के लिए सहमति देने से आपके इनकार को निरस्त करने के लिए उचित प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध नहीं करेगा। यदि आप सहमति से इनकार करते हैं तो कोई भी विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान नहीं की जाएंगी।

IEP के मुख्य घटकों में शामिल हैं:

- आपके बच्चे की *अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर* (**PLAAFP**);
- वार्षिक लक्ष्य;
- दी जाने वाली विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाओं और अनुपूरक साधनों और सेवाओं का विवरण;
- आपका बच्चा कैसे राज्य और जिलाव्यापी मूल्यांकनों में भागीदारी करेगा, इस बारे में जानकारी;
- रूपांतरण सेवाएं जब उम्र के लिए उपयुक्त हों; और
- अन्य क्षेत्र जिनका समाधान कुछ विकलांगता, जरूरतों या परिस्थितियों वाले बच्चों के लिए जरूरी है।

TEA ने एक आदर्श तरीका विकसित किया है जो http://tea.texas.gov/index2.aspx?id=2147504486 पर उपलब्ध है। आपके बच्चे का स्कूल इस आदर्श तरीके का या किसी दूसरे तरीके का उपयोग कर सकता है।

IEP विकसित करने में कई बातें होती हैं जिन पर ARD समिति विचार करती है, इसमें शामिल होता है:

- आपके बच्चे की क्षमता;
- आपके बच्चे की शिक्षा में बढोतरी के लिए आपकी चिंताएं;
- आपके बच्चे के सबसे हालिया मूल्यांकन के परिणाम; और
- आपके बच्चे की अकादमिक, विकासात्मक और कार्यात्मक जरूरतें।

इसके अलावा, ARD समिति कुछ बच्चों के लिए विशेष कारकों का समाधान करेगी, जो इस प्रकार हैं:

- जब बच्चे का व्यवहार अध्ययन में बाधक हो रहा हो तब उस व्यवहार में सुधार लाने के लिए सकारात्मक व्यवहारगत हस्तक्षेपों तथा समर्थनों, एवं अन्य कार्यनीतियों के उपयोग पर विचार करेगी;
- जब बच्चा अंग्रेजी में सीमित प्रवीणता वाले बच्चे के रूप में पात्र होता है तब बच्चे की भाषा संबंधी जरूरतों पर विचार करेगी क्योंकि ये जरूरतें बच्चे के IEP से जुड़ी होती हैं;
- जब बच्चा अंधा या दृष्टिबाधित होता है तब निर्देश ब्रेल में देगी और ब्रेल का इस्तेमाल करेगी, जब तक कि समिति

यह निर्धारित नहीं करती है कि बच्चे के लिए ब्रेल में निर्देश देना या ब्रेल का उपयोग उचित नहीं है;

- बच्चे की संचार संबंधी जरूरतों पर विचार करेगी, और बधिर या सुनने में समस्या वाले बच्चों के लिए उसकी भाषा और संचार संबंधी जरूरतों पर विचार करेगी, साथियों और पेशेवर कर्मियों के साथ सीधे संवाद के लिए बच्चे की भाषा और संचार माध्यम, अकादमिक स्तर और पूर्ण आवश्यकताओं की श्रेणी, जिसमें बच्चे की भाषा और संचार माध्यम में प्रत्यक्ष निर्देश के अवसर शामिल हैं; और
- विचार करेगी कि क्या बच्चे को सहायक तकनीकी उपकरणों और सेवाओं की जरूरत है।

**अकादमिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन का वर्तमान स्तर**

IEP में आपके बच्चे के PLAAFP का कथन होना जरूरी है। इस कथन में यह शामिल होना चाहिए कि विकलांगता किस प्रकार सामान्य पाठ्यक्रम में भागीदारी और प्रगति को प्रभावित करता है। यदि आपका बच्चा प्री-स्कूल का बच्चा है, तो बयान में यह अवश्य स्पष्ट होना चाहिए कि विकलांगता आयु-उपयुक्त गतिविधियों को कैसे प्रभावित करता है।

**वार्षिक लक्ष्य**

IEP में विकलांगता के कारण बच्चे की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया मापने योग्य वार्षिक लक्ष्य होना जरूरी है ताकि वह सामान्य पाठ्यक्रम में शामिल हो सके और प्रगति कर सके। इन लक्ष्यों से अन्य शैक्षिक जरूरतों का भी समाधान होना चाहिए जो बच्चे की विकलांगता के फलस्वरूप उत्पन्न होती हो। IEP में यह वर्णन होना जरूरी है कि वार्षिक लक्ष्य के लिए आपके बच्चे की प्रगति को कैसे मापा जाएगा और कब आपको प्रगति रिपोर्ट दी जाएगी।

**विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाएं, और अनुपूरक साधन एवं सेवाएं**

ARD समिति निर्णय करती है कि किन-किन सेवाओं की जरूरत है:

- बच्चे को वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उचित रूप से आगे बढ़ने में सक्षम करें;
- सामान्य पाठ्यक्रम (पाठ्यक्रम के अतिरिक्त और गैर-अकादमिक गतिविधियों में भागीदारी सहित) में शामिल होना और प्रगति करना; और
- शिक्षित होना और बिना किसी विकलांगता वाले बच्चों के साथ भागीदारी करना।

IEP में आपके बच्चे को या आपके बच्चे की ओर से आवश्यक विशेष शिक्षा, संबंधित सेवाओं, और अनुपूरक साधनों और सेवाओं का विवरण शामिल होना चाहिए। यह सेवाएं जहां तक व्यावहारिक हों, साथियों की समीक्षा के अनुसंधान पर आधारित होनी चाहिए है।

इसके अतिरिक्त, IEP में किसी भी आवश्यक कार्यक्रम संशोधनों और प्रदान की जाने वाली स्कूल कर्मियों के लिए सहायता का विवरण होना चाहिए। IEP में सेवाओं और संशोधनों की शुरुआत की अनुमानित तारीख और प्रत्याशित आवृत्ति, स्थान, सेवाओं और संशोधनों की अवधि भी शामिल होनी चाहिए।

**राज्य मूल्यांकन**

फेडरल कानून के तहत, यह निर्धारित करने के लिए कि स्कूल बच्चों को पढ़ाने में और राज्य अकादमिक सामग्री मानकों को पूरा करने में सफल रहे हैं या नहीं, सभी बच्चों को सभी बच्चों को राज्य मूल्यांकन दिया जाना चाहिए। टेक्सास में, अकादमिक सामग्री मानकों को टेक्सास अनिवार्य ज्ञान और कौशल के रूप में जाना जाता है जिसे TEA की वेबसाइट http://tea.texas.gov/index2.aspx?id=6148 पर पाया जा सकता है। विशेष शिक्षा सेवाएं प्राप्त करने वाले बच्चों को उपयुक्त राज्य मूल्यांकनों में शामिल होना होगा जो ग्रेड-स्तरीय सामग्री पर आधारित होती हैं।

यदि ARD समिति निर्धारित करती है कि मूल्यांकनों में शामिल होने के लिए आपके बच्चे के लिए आवास आवश्यक है तो IEP में समुचित आवास का विवरण होना चाहिए। आवास संबंधी जानकारी http://tea.texas.gov/student.assessment/accommodations/ पर उपलब्ध है।

यदि ARD समिति निर्धारित करती है कि आपका बच्चा किसी विशेष राज्य या जिलाव्यापी मूल्यांकन के बदले किसी वैकल्पिक मूल्यांकन में अवश्य भाग ले, इस संबंध में विवरण प्रदान किया जाना चाहिए कि बच्चा सामान्य मूल्यांकन में भाग नहीं ले सकता या चयनित विशेष वैकल्पिक मूल्यांकन बच्चे के लिए क्यों आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, आपके बच्चे के IEP में बच्चे के वार्षिक लक्ष्यों के भाग के रूप में बेंचमार्क या अल्पकालिक उद्देश्यों का विवरण होना चाहिए।

अगर आपका बच्चा राज्य के मूल्यांकन में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं करता है, तो ARD समिति को उस तरीके से समाधान करना चाहिए जिसमें बच्चा त्वरित निर्देश कार्यक्रम या निर्देश के गहन कार्यक्रम में भागीदारी करे।

**रूपांतरण**

IDEA और राज्य कानून के लिए पुराने छात्रों की रूपांतरण सेवाओं के लिए IEP जरूरी है। *रूपांतरण सेवाएं* गतिविधियों का एक समन्वित समूह है जिसे स्कूल से स्कूल-पश्चात गतिविधियों में जाने में बच्चे की सहायता के लिए तैयार किया जाता है।

हालांकि, वह आयु जिस आयु पर रूपांतरण नियोजन होना चाहिए, वह अलग-अलग फ़ेडरल और स्टेट कानून में अलग-अलग है। 2018-2019 स्कूली वर्ष से आरंभ करते हुए, उस आयु के बाद नहीं जब छात्र 14 वर्ष की आयु के होते जाते हैं, ARD कमिटी को IEP में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करना चाहिए और यदि उपयुक्त हो तो उसे हल करना चाहिए।

(1) छात्र के पब्लिक स्कूल सिस्टम से बाहर के जीवन में ट्रांजिशन में उचित छात्र भागीदारी;

(2) यदि छात्र 18 वर्ष की आयु के कम आयु का है, तो छात्र के माता-पिता द्वारा और अन्य व्यक्तियों द्वारा छात्र के ट्रांजिशन में उचित भागीदारी निम्नलिखित द्वारा आमंत्रित होती है:
   (A) छात्र के माता-पिता; या
   (B) स्कूल डिस्ट्रिक्ट जिसमें छात्र नामांकित है;

(3) यदि छात्र कम से कम 18 वर्ष की आयु का है, तो छात्र के माता-पिता द्वारा और अन्य व्यक्तियों द्वारा छात्र के ट्रांजिशन और भविष्य में भागीदारी, यदि माता-पिता या अन्य व्यक्ति:
   (A) छात्र द्वारा या उस स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसमें छात्र नामांकित है; या
   (B) सपोर्टेड निर्णय-निर्माण समझौता के अंतर्गत भागीदारी के लिए छात्र की सहमति है;

(4) उचित पोस्टसेकंड्री एडुकेशन ऑप्शन, जिसमें पोस्टसेकंड्री-लेवर कोर्सवर्क के लिए तैयारी शामिल है।

(5) उचित कार्यात्मक व्यावसायिक मूल्यांकन; (6) उचित रोजगार
लक्ष्य और उद्देश्य;

(7) यदि छात्र कम से कम 18 वर्ष की आयु का है, तो आयु-उपयुक्त निर्देशात्मक वातावरण की उपलब्धता, जिसमें कम्युनिटी सेटिंग या ऐसे वातावरण शामिल होते हैं जो छात्र को उसके ट्रांजिशन लक्ष्यों और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पोस्टसेकंड्री एडुकेशन या प्रशिक्षण, प्रतियोगी एकीकृत रोजगार या स्वतंत्र रहन-सहन के लिए तैयार करता है;

(8) उपयुक्त स्वतंत्र रहन-सहन लक्ष्य और उद्देश्य;

(9) छात्र या छात्र के माता-पिता द्वारा सेवाओं या सरकारी लाभों के लिए सरकारी एजेंसी के लिए रेफरल को सुगम बनाने हेतु उपयुक्त परिस्थितियां जिसमें छात्र के लिए उपलब्ध सरकारी लाभों के लिए प्रतीक्षा सूची में छात्र को रखने के लिए सरकारी एजेंसी के लिए रेफरल; और

(10) उपयुक्त निम्नलिखित का इस्तेमाल और उपलब्धता:

(A) पूरक सहायता, सेवाएं, पाठ्यक्रम और अन्य अवसर ताकि छात्र को निर्णय-निर्माण कौशल के विकास में सहायता मिल सके; और
(B) समर्थित निर्णय-निर्माण समझौता सहित छात्र की स्वतंत्रता और स्व-निश्चय को बढ़ाने के लिए सहयोग और सेवाएं।

